Civil Services (Main)
Examination- 2025

वियोज्य *DETACHABLE*

# सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र I)
# GENERAL STUDIES (Paper I)

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घण्टे*<br>*Time Allowed : Three Hours* | *अधिकतम अंक : 250*<br>*Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

कुल **बीस** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

**प्रश्न संख्या 1 से 10 तक का उत्तर 150 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 11 से 20 तक का उत्तर 250 शब्दों में दीजिए ।**

प्रश्नों में इंगित शब्द सीमा को ध्यान में रखिए ।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोइ पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :**

There are **TWENTY** questions printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

All questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

**Answers to Questions No. 1 to 10 should be in 150 words, whereas answers to Questions No. 11 to 20 should be in 250 words.**

Keep the word limit indicated in the questions in mind.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

1. हडप्पा कालीन वास्तुकला के विशेष पहलुओं की चर्चा कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Discuss the salient features of the Harappan architecture. (Answer in 150 words) 10

2. अकबर के धार्मिक समन्वयता के प्रमुख पहलुओं का परीक्षण कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Examine the main aspects of Akbar's religious syncretism. (Answer in 150 words) 10

3. 'मूर्तिकारों ने चंदेल कला रूपों को जीवन की व्यापकता और लचकदार ओज से भर दिया।' स्पष्ट कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

'The sculptors filled the Chandella artform with resilient vigor and breadth of life.' Elucidate. (Answer in 150 words) 10

4. जलवायु परिवर्तन और समुद्र स्तर में वृद्धि कई द्वीप देशों के अस्तित्व को कैसे प्रभावित कर रही है ? उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

How are climate change and the sea level rise affecting the very existence of many island nations ? Discuss with examples. (Answer in 150 words) 10

5. गैर-कृषि प्राथमिक गतिविधियाँ क्या हैं ? ये गतिविधियाँ भारत में भौगोलिक विशेषताओं से किस प्रकार संबंधित है ? उपयुक्त उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

What are non-farm primary activities ? How are these activities related to physiographic features in India ? Discuss with suitable examples. (Answer in 150 words) 10

6. उपयुक्त उदाहरणों के साथ, भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन के पारिस्थितिक और आर्थिक लाभों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Explain briefly the ecological and economic benefits of solar energy generation in India with suitable examples. (Answer in 150 words) 10

7. सुनामी क्या हैं ? वे कैसे और कहाँ बनती हैं ? उनके परिणाम क्या हैं ? उदाहरणों सहित समझाइए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

What are Tsunamis ? How and where are they formed ? What are their consequences ? Explain with examples. (Answer in 150 words) 10

8. भारत में स्मार्ट शहर, शहरी गरीबी और वितरणात्मक न्याय के मुद्दों को कैसे संबोधित करता है ? (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

How does smart city in India, address the issues of urban poverty and distributive justice ? (Answer in 150 words) 10

9. भारत में सिविल सेवा का लोकाचार व्यावसायिकता और राष्ट्रवादी चेतना के संयोजन का प्रतीक है – स्पष्ट कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

The ethos of civil service in India stand for the combination of professionalism with nationalistic consciousness – Elucidate. (Answer in 150 words) 10

10. क्या आपको लगता है कि वैश्वीकरण का परिणाम केवल आक्रामक उपभोक्ता संस्कृति ही है ? अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Do you think that globalization results in only an aggressive consumer culture ? Justify your answer. (Answer in 150 words) 10

11. महात्मा जोतीराव फुले के समाज सुधार प्रयासों और लेखन ने समाज के लगभग सभी उपेक्षित तबकों की समस्याओं को छुआ है। चर्चा कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Mahatma Jotirao Phule's writings and efforts of social reforms touched issues of almost all subaltern classes. Discuss. (Answer in 250 words) 15

12. राज्यतन्त्र, अर्थ व्यवस्था, शिक्षा और अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के विषय में आजादी के प्रारम्भिक काल में भारत के सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को रेखांकित कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Trace India's consolidation process during early phase of independence in terms of polity, economy, education and international relations. (Answer in 250 words) 15

13. समकालीन विश्व के लिए फ्रांसीसी क्रान्ति की निरंतर प्रासंगिकता है। स्पष्ट कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

The French Revolution has enduring relevance to the contemporary world. Explain. (Answer in 250 words) 15

14. विश्व के अपतटीय तेल भंडारों के वितरण का भौगोलिक स्पष्टीकरण दीजिए। वे तटवर्ती तेल भंडारों से किस प्रकार भिन्न हैं ? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Give a geographical explanation of the distribution of off-shore oil reserves of the world. How are they different from the on-shore occurrences of oil reserves ? (Answer in 250 words) 15

15. स्थानीय और क्षेत्रीय योजना बनाने में जी.आई.एस. और आर.एस. तकनीकों के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) और ड्रोन का प्रभावी ढंग से उपयोग कैसे किया जा सकता है ? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

How can Artificial Intelligence (AI) and drones be effectively used along with GIS and RS techniques in locational and areal planning? (Answer in 250 words) 15

16. चर्चा कीजिए कि ग्रह के महाद्वीपों और महासागरीय बेसिनों के आकार और माप (साइज) में, क्रस्टल द्रव्यमानों की टेक्टोनिक गतिविधियों के कारण, परिवर्तन कैसे होते हैं। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Discuss how the changes in shape and sizes of continents and ocean basins of the planet take place due to tectonic movements of the crustal masses. (Answer in 250 words) 15

17. भूमि, मिट्टी और जल संसाधनों के विशेष संदर्भ के साथ गंगा नदी बेसिन में जनसंख्या वितरण और घनत्व पर चर्चा कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Discuss the distribution and density of population in the Ganga River Basin with special reference to land, soil and water resources. (Answer in 250 words) 15

18. आधुनिक समाज में स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ने के बावजूद, फास्ट फूड उद्योग बढ़ रहे हैं – आप इसको कैसे देखते हैं ? भारतीय अनुभव से अपने उत्तर को उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

How do you account for the growing fast food industries given that there are increased health concerns in modern society? Illustrate your answer with the Indian experience. (Answer in 250 words) 15

19. पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए सतत विकास हासिल करना, भारत जैसे देश में गरीब लोगों की जरूरतों के साथ टकराव में आ सकता है – टिप्पणी कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Achieving sustainable growth with emphasis on environmental protection could come into conflict with poor people's needs in a country like India – Comment. (Answer in 250 words) 15

20. क्या भारत में जनजातीय विकास दो धुरियों, विस्थापन और पुनर्वास के इर्द-गिर्द केंद्रित है ? अपने विचार व्यक्त कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Does tribal development in India centre around two axes, those of displacement and of rehabilitation? Give your opinion. (Answer in 250 words) 15